VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2025-26)

Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi
Name: ______________________________ Worksheet: Yearly Exam.2

पाठ -13 बात आज की ...

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर :–

पाठ-चर्चा :

i. **लेखक की भेंट अपने माता-पिता से कब होती थी ?**
उ. शनिवार और इतवार के दिन लेखक की भेंट अपने माता-पिता से होती थी ।

ii. **पापा ने लेखक से क्या पूछा ?**
उ. पापा ने लेखक से पूछा कि उसके टेस्टों में कैसे नंबर आए ।

iii. **लेखक पूरा मैच क्यों नहीं देख पाया ?**
उ. बत्ती गुल हो जाने के कारण लेखक पूरा मैच नहीं देख पाया ।

iv. **लेखक के पापा क्या जुमला दोहराया करते थे ?**
उ. पापा यह जुमला दोहराया करते थे-क्रिकेट में आखिरी बॉल तक कुछ नहीं कह सकते कि क्या होगा ।

अधिकतम शब्दों में :

i. **'बड़ा आदमी' शब्द का प्रयोग करने पर लेखक को क्या लगता था ?**
उ. लेखक की मौसी जब 'बड़ा आदमी' बनने की बात करती थीं तो लेखक यह समझता था कि वे उसकी लंबाई बढ़ाने की बात कर रही हैं ।

ii. **सोकर उठने पर लेखक ने क्या किया ?**
उ. इतवार की सुबह लेखक जब सोकर उठा तो उसने सबसे पहले टी.वी. खोला। फिर दो-तीन मिनट बाद पापा को जगाकर बताया कि पापा, सचमुच कमाल हो गया। इंडिया मैच जीत गई।

iii. **सोने से पहले लेखक के पापा ने क्या कहा था ?**
उ. सोने से पहले लेखक के पापा ने कहा था कि बिट्टे यह खेल है और वह भी क्रिकेट का। इसमें बड़े-बड़े कमाल हो जाते हैं। क्या पता आज भी कमाल हो जाए। अब सो जाओ और सुबह उठकर टी.वी. पर सुनना कमाल की खबर ।

iv. **बत्ती गुल हो जाने पर लेखक ने क्या सोचा ?**
उ. टी.वी. पर क्रिकेट मैच देखते-देखते अचानक बत्ती गुल हो जाने पर लेखक सोने चला गया। उसने सोने के लिए आँखें बंद कर ली थीं और सोचने लगा था कि अगर सचमुच कमाल हो ही गया तो वे सब खूब मजे में रहेंगे, जिन्होंने वह कमाल अपनी आँखों से देखा होगा ।

प्रश्न 2. पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इंगलैंड में एक दिवसीय क्रिकेट का फ़ाइनल मैच था ।

रात को करीब बारह बजे जब बत्ती गुल हो जाने पर हम सोने को थे तब तक 146 के स्कोर तक सचिन सहित भारत के सभी मुख्य बल्लेबाज़ पवेलियन लौट चुके थे और 326 का पहाड़-सा टारगेट सामने था ।

सोने से पहले पापा ने कहा था, "बिट्टे, यह खेल है और वह भी क्रिकेट का। इसमें बड़े-बड़े कमाल हो जाते हैं । क्या पता आज भी कमाल हो ही जाए। अब सो जाओ । सुबह उठकर टी.वी. पर सुनना कमाल की खबर ।"

- **प्रश्नों के उत्तर :**

i. **यह कौन-सा मैच था ?**

उ. यह इंगलैंड का एक दिवसीय क्रिकेट का फ़ाइनल मैच था |

ii. **बत्ती गुल हो जाने तक क्या स्कोर था ?**

उ. बत्ती गुल हो जाने तक स्कोर 146 था |

iii. **भारत के सामने कितने रनों का टारगेट था ?**

उ. भारत के सामने 326 रनों का पहाड़-सा टारगेट था |

iv. **इसमें बड़े-बड़े कमाल हो जाते हैं-पापा ने ऐसा किस खेल के बारे में कहा ?**

v. उ. पापा ने ऐसा क्रिकेट के बारे में कहा |

प्रश्न 3. दिए गए 'कालसूचक शब्दों को रेखांकित करें और क्रिया का काल सामने लिखें :

i. शेफ़ाली देर रात तक पढ़ रही थी। --

ii. अजय निबंध लिखता है। --

iii. आज शाम अभिमन्यु का नाटक होगा। --

iv. शशांक अपना जन्मदिन मनाएगा। --

v. पापा ने कहा था | --

vi. अनंत क्रिकेट खेल रहा है | --

vii. आज बरफ़ गिरेगी | --

प्रश्न 4. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची (समानार्थक) शब्द लिखिए :

i. **घोड़ा** - ------------------

ii. **फूल** - ------------------

iii. **समुद्र** - ------------------

iv. **आँख** - ------------------

v. **दोस्त** - ------------------

vi. **हाथ** - ------------------